दिन– गुरूवार दिनांक– 13 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और अरवल समेत प्रदेश के सात जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया।

02. पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक हटाई।

03. राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई कराने को लेकर उच्च स्तरीय कमिटी का गठन।

04. और, कुवैत में भीषण अग्निकांड में चालीस से अधिक भारतीयों समेत उनचास लोगों की मौत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जताया शोक।

---

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज पटना, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और अरवल समेत प्रदेश के सात जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, बांका, समस्तीपुर, जमुई और गया समेत नौ जिलों में कुछ स्थानों पर लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. सुमन ने बताया कि प्रदेशवासियों को अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। शेखपुरा और डेहरी का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव आठ, अरवल और भोजपुर का चौवालीस दशमलव सात और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दश्मलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी से प्रदेश में जनजीवन प्रभावित हुआ है। बेगूसराय के बखरी थाना क्षेत्र में एक किसान की लू लगने से मौत हो गयी। वहीं, शेखपुरा जिले के बेलछी स्थित कस्तूरबागांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रावास में भीषण गर्मी के कारण तीन छात्राएं बेहोश हो गयीं। इस बीच, पटना जिला प्रशासन

ने भीषण गर्मी और लू की आशंका के मद्देनजर आज से पंद्रह जून तक सभी कोचिंग संस्थानों में शैक्षणिक कार्य प्रतिबंधित करने के निर्देश जारी किये हैं। हालांकि इस दौरान इन संस्थानों में ऑनलाइन शिक्षण कार्य किया जा सकेगा।

---

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है।

---बाईट---

---

शिक्षा विभाग ने मौलाना मजहरूल हक अरबी और फारसी विश्वविद्यालय, पूर्णियां विश्वविद्यालय और मुंगेर विश्वविद्यालय के सभी खातों के संचालन पर लगी रोक हटा ली है। इसके साथ ही कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति के वेतन निकासी पर लगी रोक के आदेश को भी वापस ले लिया है। विभाग के सचिव बैधनाथ यादव द्वारा जारी इस आदेश के बाद सभी विश्वविद्यालय के बैंक खातों का संचालन पूर्व की तरह हो सकेगा। पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विभाग द्वारा ये निर्देश वापस लिये गये हैं।

इधर, राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति अपने संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाने के लिए पूरजोर प्रयास करें। कल राजभवन में कुलपतियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में श्री आर्लेकर ने ये निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक रोडमैप तैयार कर उसके अनुसार कार्य करें। श्री आर्लेकर ने विश्वविद्यालयों में अकादमिक और शोध कार्य के लिए डीन की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में कुलपतियों ने आधारभूत संरचना को मजबूत करने, आंतरिक अंकेक्षण की व्यवस्था, कर्मियों की नियुक्ति, वेतन और पेंशन भुगतान, अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतानऔर आईटी सेल का गठन संबंधित मुद्दों की ओर कुलाधिपति का ध्यान आकृष्ट किया। बैठक को संबोधित करते हुये शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर कुलपतियों को एक कार्य योजना बनाकर काम करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि सभी लोग मिलकर काम करेंगे तो विश्वविद्यालयों की स्थिति में सुधार होगा।

---

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई कराने को लेकर नौ सदस्यीय उच्च स्तरीय कमिटी गठित की है। इस कमिटी के अध्यक्ष बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति बनाए गये हैं। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि यह कमिटी सात दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी। उच्च स्तरीय समिति को प्रदेश में हिन्दी माध्यम से एमबीबीएस पाठ्यक्रम लागू करने की कार्य योजना तैयार करना है।

---

कुवैत के मंगफ शहर में छह मंजिला भवन में लगी भीषण आग में चालीस से अधिक भारतीयों समेत उनचास लोगों की मौत हो गई है। कुवैत के गृह मंत्रालय ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। अधिकारियों के अनुसार आग रसोईघर से शुरू हुई और पूरी इमारत में तेजी से फैल गई। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर **प्लस नौ छह पांच–छह पांच पांच शून्य पांच दो चार छह** जारी किया है। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री मोदी ने मृतको के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में मारे गये भारतीय नागरिकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की। इस बीच, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी इस घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया है। राज्यपाल ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक–संवेदना प्रकट करने के साथ ही घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में गैरहाजिर रहने वाले छात्र–छात्राओं का नाम अब नहीं काटा जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिये हैं। इसके अनुसार लगातार तीन दिन तक किसी विद्यार्थी के स्कूल नहीं आने की स्थिति में शिक्षकों द्वारा बच्चे के अभिभावक से संपर्क कर उसे स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। साथ ही इन विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में बढ़ोतरी के लिए जीविका दीदी के साथ ही मुखिया, सरपंच और पंचों की मदद लेने की बात भी कही गयी है।

---

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की पंचायतों में उपचुनाव के लिए सभी अड़तीस जिलों के जिलाधिकारियों से रिक्त पदों की सूची मांगी है। आयोग ने सभी जिलाधिकारियों को पच्चीस जून तक रिक्त पदों की सूची संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये हैं।

---

पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान में लोगों को आकर्षित करने के लिए फर्न हाउस और ठंडी सड़क की शुरूआत की गयी है। पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कल इसका उद्‌घाटन किया। उन्होंने बताया कि उद्यान में चालीस लाख रूपये की लागत से फर्न हाउस का निर्माण किया गया है। इसमें बयालीस प्रकार के दुलर्भ प्रजाति के पौधे मौजूद हैं।

---

पूर्व मध्य रेलवे गर्मी की छुट्‌टियों में यात्रियों की सुविधा के लिए पटना–मैंगलूरू सेंट्रल और वापी–दानापुर के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन करेगा। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना–मैंगलूरू स्पेशल ट्रेन पंद्रह, बाईस और उनतीस जून को रात साढ़े दस बजे पटना से रवाना होगी। वहीं, वापी–दानापुर विशेष ट्रेन चौदह जून से तेरह जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को रात दस बजे वापी से प्रस्थान करेगी।

---

भारत ने आईसीसी टी–ट्‌वेन्टी विश्व कप क्रिकेट के सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कल खेले गए एक मुकाबले में भारत ने अमरीका को सात विकेट से हरा दिया। एक रिपोट–

–––रिपोर्ट–––

टी–ट्‌वेन्टी विश्व कप क्रिकेट में आज त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में मेजबान वेस्टइंडीज का मुकाबला न्यूजीलैंड से हो रहा है। वहीं, आज के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश का सामना नीदरलैंड्‌स से होगा।

---

जहानाबाद जिले के रहने वाले दस वर्षीय विक्रम राज का चयन राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विक्रम कल से ओडिशा के कटक में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कल वे रवाना हुए।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि सरकारी बैंकों में एनपीए कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाये जाने चाहिए। उन्होंने जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक शेयर और जमा पूंजी में वृद्धि के लिए भी नई रणनीति बनाए जाने की जरूत है।

---

जहानाबाद की स्थानीय अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद और  पचास–पचास हजार रूपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

---

खगड़िया जिले के अलौली थाना पुलिस ने कुख्यात इनामी अपराधी राजेन्द्र यादव को भिखारी घाट स्थित बथान से गिरफ्तार कर लिया है।

---

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव में पुलिस ने एक दुकान में छिपाकर रखे पांच किलो गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले में चलाये जा रहे आरपीएफ और बचपन बचाओ आंदोलन संस्था के संयुक्त अभियान में सियालदह–अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन से छह बाल मजदूरों को मुक्त कराने के साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– कुवैत के रिहायशी इमारत में लगी आग, चालीस भारतीय जिन्दा जले।

**दैनिक जागरण** ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देशों को प्रमुखता देते हुए लिखा है– विश्वविद्यालयों के वित्तीय संकट का समाधान, बैंक खाते पर लगी रोक हटी।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– भाजपा में बड़े बदलाव पर मंथन। अब सरकार केन्द्रित नहीं होगी पार्टी, सभी इकाइयों का पुनर्गठन होगा।

**प्रभात खबर** ने नीट–यूजी से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– दो बार मांगने के बाद भी ईओयू को एनटीए ने नहीं दिया असली प्रश्न पत्र।

**नव बिहार टाईम्स लिखता है–** बिहार में तटबंधों की निगरानी के लिए छत्तीस सौ सुरक्षा कर्मियों की होगी नियुक्ति।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है– नायडू आन्ध्र प्रदेश और मोहन मांझी ने ओडिशा की संभाली कमान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और अरवल समेत प्रदेश के सात जिलों में भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया।
02. पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में शिक्षा विभाग ने राज्य के विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक हटाई।
03. राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई कराने को लेकर उच्च स्तरीय कमिटी का गठन।
04. और, कुवैत में भीषण अग्निकांड में चालीस से अधिक भारतीयों समेत उनचास लोगों की मौत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने जताया शोक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।